# ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

24, AKBAR ROAD, NEW DELHI-110011

**Priyanka Gandhi Vadra**
General Secretary


16 मई 2020

सेवा में,
श्री योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

महोदय,

लाखों की संख्या में उत्तर प्रदेश के मजदूर देश के कोने-कोने से पलायन कर वापस लौट रहे हैं। लगातार सरकार द्वारा की गई घोषणाओं के बावजूद पैदल आ रहे इन मजदूरों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचने की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। प्रदेश में अब तक करीब 65 मजदूरों की अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है जोकि सूबे में कोरोना महामारी से मरने वालों की संख्या से भी अधिक है।

पलायन करते हुए, बेसहारा प्रवासी श्रमिकों के प्रति कांग्रेस पार्टी अपनी ज़िम्मेदारी निभाने हुए 500 बसें गाज़ीपुर बार्डर गाज़ियाबाद और 500 बसें नोएडा बार्डर से चलाना चाहती है। इसका पूरा खर्चा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (AICC) वहन करेगी। महामारी से बचने के सब नियमों का पालन करते हुए प्रवासी श्रमिकों को मदद करने के लिए हम 1000 बसों को चलाने की आपसे अनुमति चाहते हैं।

राष्ट्रनिर्माता मजदूरों को इस तरह नहीं छोड़ा जा सकता है। भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस पार्टी इनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आपसे आशा है कि आप इस प्रयास में हमारा सहयोग करेंगे ।

जय हिंद

भवदीय

प्रियांका गांधी वाद्रा

प्रियांका गांधी वाद्रा

अपर मुख्य सचिव, गृह, गोपन, वीजा, पासपोर्ट, कारागार एवं सतर्कता विभाग

**उत्तर प्रदेश शासन**

509, सी–ब्लाक लोक भवन, लखनऊ।

प०सं०: 948 /एसीएस /2020 दिनांक : 18 मई, 2020

सेवा में,

निजी सचिव,
प्रियांका गॉधी वाड्रा

महोदय,

कृपया मा. मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित श्रीमती प्रियांका गॉधी वाड्रा के पत्र दिनांक 16 मई, 2020 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में आपसे यह कहना है कि प्रवासी मजदूरों के सन्दर्भ में आपके प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है।

अतएव अविलम्ब एक हजार बसों की सूची चालक/परिचालक का नाम व अन्य विवरण सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे इनका उपयोग प्रवासी श्रमिकों की सेवा में किया जा सके।

18.05.2020

( अवनीश कुमार अवस्थी )
अपर मुख्य सचिव
गृह, गोपन, वीजा पासपोर्ट
कारागार एव सतर्कता विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

**OFFICE OF SMT. PRIYANKA GANDHI VADRA**
**GENERAL SECRETARY, ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**

18 मई 2020

सेवा में,
श्री अवनीश कुमार अवस्थी
अपर मुख्य सचिव गृह
उत्तर प्रदेश सरकार।

महोदय,

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने 16 मई को पत्र लिख कर 1000 बसें चलाने की अनुमति मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार से मांगी थी। आज दिनांक 18 मई 2020 को प्राप्त हुए पत्र में आपकी तरफ से हमसे बसों की सूची, चालक का नाम, परिचालक का नाम व अन्य विवरणों को मांगा है।

हम कल बसों को दोबारा बॉर्डर पर चलने को तैयार कर देंगे। 1000 बसों की सूची इस ईमेल के साथ अटैच की गयी है। इनमें से कुछ चालकों का दोबारा वेरिफिकेशन कर के उनकी सूची भी कुछ घंटों में आप तक पहुँचाई जाएगी। आशा है कि आप जल्द से जल्द इन बसों के लिए अनुमति पत्र उपलब्ध करा देंगे।

आशा है कि कल से ही आप इन बसों का संचालन कराके इन्हें चालू करवा देंगे। और इन बसों के रूट की पूरी जानकारी और समयसारिणी की सूचनाएँ जन साधारण को उपलब्ध करवाएँगे।

हमारे देश निर्माता श्रमिक बहन-भाई भूखे-प्यासे इस भयानक गर्मी में हज़ारों किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं। उनको राहत पहुंचाने के लिए ये कदम बहुत जरूरी था। आशा है कि इस कदम से श्रमिकों को घर पहुंचाने की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाएगी। मुख्यमंत्री जी द्वारा कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी का प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद। उप्र कांग्रेस का प्रयास रहा है कि हम इस संकट के समय में सकारात्मक भाव से प्रदेश के हित में सक्रिय रहें और हमारा यह कदम भी इसी भावना से जुड़ा है। हम इस प्रयास में सरकार के साथ पूरी तरह से सहयोग करेंगे।

सादर

Sandeep.
संदीप सिंह
निजी सचिव,
श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा

35 LODHI ESTATE
NEW DELHI - 110003

**अपर मुख्य सचिव**

**गृह, गोपन, वीजा, पासपोर्ट, कारागार एवं सतर्कता, सूचना, धर्मार्थ कार्य विभाग**

**उत्तर प्रदेश शासन**

**509, सी–ब्लाक लोक भवन, लखनऊ**

**प0सं0: 951 /एसीएस/कैम्प/2020** **दिनांक : 18 मई, 2020**

**निजी सचिव,**

**श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा**

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा 16 मई, 2020 को लिखे गये पत्र के क्रम में आज दिनांक 18 मई, 2020 को आपके द्वारा भेजे गए ई–मेल का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें।

कृपया समस्त बसों सहित उनका फिटनेस सर्टिफिकेट एवं चालक के ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही साथ परिचालक का पूर्ण विवरण सहित पूर्वान्ह 10.00 बजे स्थान वृन्दावन योजना सेक्टर 15–16 में जिलाधिकारी, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिलाधिकारी, लखनऊ को तदनुसार अवगत करा दिया गया है।

18.05.2020

(अवनीश कुमार अवस्थी)
अपर मुख्य सचिव
गृह, गोपन, वीजा पासपोर्ट
कारागार एवं सतर्कता ...
उत्तर प्रदेश शासन

# अपर मुख्य सचिव

**गृह, गोपन, वीजा, पासपोर्ट, कारागार एवं सतर्कता, सूचना, धर्मार्थ कार्य विभाग**

**उत्तर प्रदेश शासन**

**509, सी–ब्लाक लोक भवन, लखनऊ**

**प0सं0: 951 /एसीएस/कैम्प/2020** **दिनांक : 18 मई, 2020**

**निजी सचिव,**
**श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा**

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा 16 मई, 2020 को लिखे गये पत्र के कम में आज दिनांक 18 मई, 2020 को आपके द्वारा भेजे गए ई–मेल का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें।

कृपया समस्त बसों सहित उनका फिटनेस सर्टिफिकेट एवं चालक के ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही साथ परिचालक का पूर्ण विवरण सहित पूर्वान्ह 10.00 बजे स्थान वृन्दावन योजना सेक्टर 15–16 में जिलाधिकारी, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिलाधिकारी, लखनऊ को तदनुसार अवगत करा दिया गया है।

/

**18.05.2020**

प्रतिलिपि–जिलाधिकारी, लखनऊ को इस आशय से कि कृपया उपरोक्तानुसार बस प्राप्त करने का कष्ट करें।

18.05.2020

(अवनीश कुमार अवस्थी)
अपर मुख्य सचिव
गृह, गोपन, वीजा पासपोर्ट
कारागार एवं सतर्कता विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

**OFFICE OF SMT. PRIYANKA GANDHI VADRA**
**GENERAL SECRETARY, ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**

19 मई 2020
02:10 AM

सेवा में,
श्री अवनीश कुमार अवस्थी
अपर मुख्य सचिव गृह
उत्तर प्रदेश सरकार।

महोदय,

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने दिनांक 16/05/2020 (पत्र संलग्न है) को गाजीपुर बॉर्डर, गाजियाबाद से 500 बसें और नोयडा बॉर्डर से 500 बसें चलाकर लॉकडाउन में फंसे प्रवासी श्रमिकों को उनके गंतव्यों तक पहुँचाने के लिए अनुमति माँगी थी। इस सिलसिले में आज 18/05/2020 को सायंकाल 4.01 मिनट पर WhatsApp पर आपका पत्र मुझे प्राप्त हुआ जिसमें आपने हमसे 1000 बसों की सूची, चालक/परिचालक के नाम व अन्य विवरणों के साथ माँगी। जो कुछ ही अंतराल में आपको ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई।

आश्चर्य की बात तो यह है कि सम्मानित मुख्यमंत्री जी ने टीवी पर एक साक्षात्कार में कहा कि वो पिछले तीन दिनों से हमसे बसों की सूची माँग रहे थे।

अभी देर रात, 11.40 बजे ईमेल पर आपका एक आकस्मिक पत्र हमें प्राप्त हुआ जिसमें आपने हमसे 1000 बसें (तमाम दस्तावेजों सहित) लखनऊ में सुबह 10 बजे हैंडओवर करने की अपेक्षा की है।

महोदय, आप एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं। बहुत अनुभवी हैं और कोरोना महामारी के इस भयानक संकट से भिज्ञ भी हैं। संकट में फँसे प्रवासी मजदूर उप्र की विभिन्न सीमाओं, खासतौर पर दिल्ली-उप्र बॉर्डर के गाजियाबाद, नोयडा जैसी जगहों पर मौजूद हैं। वहाँ फँसे प्रवासी मजदूरों की संख्या लाखों में है। मीडिया के माध्यम से इनकी विकट हालत पूरा देश देख रहा है।

ऐसी स्थिति में जब हजारों मजदूर सड़कों पर पैदल चल रहे हैं और उप्र के बॉर्डर पर हजारों की भीड़ पंजीकरण केंद्रों पर उमड़ी हुई है, तब 1000 खाली बसों को लखनऊ भेजना न सिर्फ समय और संसाधनों की बर्बादी है बल्कि हद दर्जे की अमानवीयता है और एक घोर गरीब विरोधी मानसिकता की उपज है। माफ कीजिएगा श्रीमान, मगर आपकी सरकार की यह माँग पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित लगती है। ऐसा लगता नहीं है कि आपकी सरकार विपदा के मारे हमारे उप्र के श्रमिक भाई-बहनों की मदद करना चाहती है।

हम अपनी बात पर अडिग हैं और संकट में फँसे प्रवासी श्रमिकों को उनके घरों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गाजीपुर बॉर्डर गाजियाबाद और नोयडा बॉर्डर से हमारी बसों को चलने के लिए, आवश्यक दिशानिर्देश व समन्वय के लिए कृपया आप नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करें जिनसे सम्पर्क स्थापित कर हम उप्र के श्रमिक भाई-बहनों को प्रदेश में विभिन्न गंतव्यों तक पहुँचने में मदद कर सकें।

धन्यवाद

Sandeep
संदीप सिंह
निजी सचिव,
श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा

35 LODHI ESTATE
NEW DELHI - 110003

**अपर मुख्य सचिव, गृह, गोपन, वीजा, पासपोर्ट, कारागार एवं सतर्कता विभाग**
**उत्तर प्रदेश शासन**
509, सी–ब्लाक लोक भवन, लखनऊ।

पo संo: 952 /एसीएस /2020 दिनांक : 19 मई, 2020

सेवा में,

निजी सचिव,
श्रीमती प्रियांका गॉधी वाड्रा

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनांक 19 मई, 2020 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में यह निवेदन करना है कि आपके पत्र के अनुसार आप लखनऊ में बस देने में असमर्थ हैं एवं नोयडा, गाजियाबाद बार्डर पर ही बस देना चाहते हैं। अतः ऐसी स्थिति में कृपया जिलाधिकारी, गाजियाबाद को 500 (पॉच सौ) बसें 12 बजे तक उपलब्ध कराने कष्ट करें। जिलाधिकारी, गाजियाबाद को तद्नुसार निर्देशित किया गया है। गाजियाबाद में जिला प्रशासन द्वारा सभी बसों को रिसीव किया जायेगा एवं उनका उपयोग करेगा। कृपया गाजियाबाद में कौशाम्बी बस अड्डा एवं साहिबाबाद बस अड्डे में बसें उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त 500 बसें नोयडा में जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर को एक्पो मार्ट के निकट ग्राउण्ड पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सम्बन्धित जिलाधिकारी बसों का परमिट, फिटनेस, इन्श्योरेन्स आदि के अभिलेख व चालक के लाइसेंस तथा परिचालक के अभिलेख चेक कर बसों का उपयोग तत्काल करेंगे, यह निर्देश दे दिये गये हैं।

19.05.2020
( अवनीश कुमार अवस्थी )
अपर मुख्य सचिव
गृह, गोपन, वीजा पासपोर्ट
कारागार एवं सतर्कता विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी, गाजियाबाद/गौतमबुद्ध नगर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया तत्काल उपरोक्तानुसार कार्यवाही करें एवं नोडल अधिकारी भी नामित कर दें।

19.05.2020

**OFFICE OF SMT. PRIYANKA GANDHI VADRA**
**GENERAL SECRETARY, ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**

19 मई 2020
12:15 PM

सेवा में,
श्री अवनीश कुमार अवस्थी
अपर मुख्य सचिव गृह
उत्तर प्रदेश सरकार।

महोदय,

आपका पत्र अभी दिनांक 19/05/2020 को 11.05 बजे मिला। इस संदर्भ में बताना चाहता हूँ कि हमारी कुछ बसें राजस्थान से आ रही हैं और कुछ दिल्ली से, इनके लिए दोबारा परमिट दिलवाने की कार्यवाही जारी है। बसों की संख्या अधिक होने के नाते इसमें कुछ घंटे लगेंगे। आपके आग्रहानुसार यह बसें गाजियाबाद और नोयडा बॉर्डर पर सायं 5 पहुँचाई जाएँगी। आपसे आग्रह है कि 5 बजे तक आप भी यात्रियों की लिस्ट और रूट मैप तैयार रखेंगे ताकि इनके संचालन में हमें कोई आपत्ति न आए।

यह एक ऐतिहासिक कदम होगा, जिसमें उप्र सरकार और कांग्रेस पार्टी, मानवीयता के आधार पर, सब राजनीतिक परहेजों को दूर करते हुए, एक दूसरे के साथ सकारात्मक, सेवा भाव से जनता की सहायता करने जा रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से आपको साधुवाद।

सादर

Sandeep

संदीप सिंह
निजी सचिव,
श्रीमती प्रियंका गांधी वाद्रा

35 LODHI ESTATE
NEW DELHI - 110003

OFFICE OF SMT. PRIYANKA GANDHI VADRA
GENERAL SECRETARY, ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

19 मई 2020
3:45 PM

सेवा में,
श्री अवनीश कुमार अवस्थी
अपर मुख्य सचिव गृह
उत्तर प्रदेश सरकार।

महोदय,

आज 11.05 पर लिखे गए पत्र में आपने हमसे सभी बसें नोएडा और गाजियाबाद पहुंचाने का आग्रह किया।

हम बसों को लेकर लगभग 3 घंटे से यूपी बॉर्डर पर, ऊँचा नागला पर खड़े हैं लेकिन आगरा प्रशासन हमें अंदर घुसने नहीं दे रहा है। हम एक बार फिर आपसे कहना चाहते हैं कि ये वक्त संवेदनशीलता दिखाने का है। आप तत्काल हमारी समस्त बसों को अनुमति पत्र भेजिए ताकि हम आगे बढ़ सकें।

यूपी के लाखों श्रमिक भाई-बहन परेशान हैं। हम सब मिलकर ही इस आपदा की चुनौती से निपट सकते हैं। आपसे निवेदन है कि श्रमिकों को राहत देने के लिए और इस स्थिति को ख़तम करने के लिए कृपया प्रशासन को हमारा अनुमति पत्र भेंजे। ताकि हमारी बसें आगरा होते हुए गाजियाबाद और नोएडा तक पहुंच जाएँ।

आशा है कि आप श्रमिकों के हित में ये कदम तुरंत उठाएंगे।

सादर

Sandeep

संदीप सिंह
निजी सचिव,
श्रीमती प्रियंका गांधी वाद्रा

35 LODHI ESTATE
NEW DELHI - 110003